B **609**

समग्र शिक्षा केरल

वार्षिक मूल्यांकन 2018-19

हिंदी

कक्षा : 6 समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश–

- **पंद्रह मिनिट** का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- **पहली** गतिविधि अनिवार्य है।
- कुल **पाँच** गतिविधियों के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं कबूतर हूँ। मैं शांति का प्रतीक हूँ। मुझे कपोत भी कहते हैं। पुराने ज़माने में राजमहलों में भी मेरा स्थान था। मैं संदेश लेकर दूर देशों में जाता था। मैं बिल्ली से डरता हूँ। मुझे गेहूँ का दाना बहुत पसंद है। मैं मानव का दोस्त हूँ।

क) कबूतर का दूसरा शब्द क्या है?

अ) कौआ आ) कोयल इ) कपोत ई) कोकिल

ख) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) कबूतर कौए से डरता है।

आ) कबूतर मानव से डरता है।

इ) कबूतर बिल्ली से डरता है।

ई) कबूतर मोर से डरता है।

ग) कबूतर किसका प्रतीक है?

अ) शांति का आ) शत्रुता का इ) डर का ई) दुख का

घ) कबूतर को कौन-सा दाना ज़्यादा पसंद है?

अ) चावल आ) बाजरा इ) दाल ई) गेहूँ

ङ) 'पुराने ज़माने में राजमहलों में भी मेरा स्थान था।' -क्यों?

अ) कबूतर दूर देशों तक संदेश पहुँचाता था।

आ) राजा लोग कबूतर को पसंद करते थे।

इ) कबूतर की आवाज़ सुरीली है।

ई) कबूतर महलों की सुंदरता बढ़ाता था।

गतिविधि 2

सूचना : चित्र पहचानें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) चित्रों के अनुसार वाक्यों को क्रमबद्‌ध करें।

- बिल्लियों के रंग सफ़ेद हो जाते हैं।
- चूहा आटे के डिब्बे में कूदता है।
- तीन काली बिल्लियाँ चूहे के पीछे दौड़ती हैं।
- बिल्लियाँ आटे के डिब्बे में कूदती हैं।

ख) चूहे को पकड़ने के लिए कितनी बिल्लियाँ भागीं?

अ) दो आ) तीन इ) चार ई) पाँच

गतिविधि 3

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पेड़ न काटो, पेड़ न काटो
पक्षी बोल रहे हैं...
पेड़ बिना हम कहाँ रहेंगे?
नीड़ हमारे कहाँ बसेंगे?
उड़-उड़ कर हम थक जाएँगे।
शरण कहीं न हम पाएँगे
पेड़ न काटो, पेड़ न काटो
पक्षी बोल रहे हैं।

नीड़ बसाना - കൂടുകൂട്ടുക

क) पक्षी नीड़ कहाँ बसाते हैं?

ख) कवितांश के लिए उचित शीर्षक दें।

ग) कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि 4

सूचना : खंड का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कोल्लम सरकारी यू पी स्कूल में 'पठनोत्सवम' के कार्यक्रम चल रहे हैं। उसके सिलसिले में 2019 मार्च 15 को शाम 5 बजे 'बिल्ली के बच्चे' कहानी पर एक नाटक होनेवाला है।

क) कोल्लम सरकारी यू पी स्कूल में 'बिल्ली के बच्चे' कहानी पर नाटक किसके सिलसिले में हो रहा है?

ख) 'बिल्ली के बच्चे' कहानी पर एक नाटक होनेवाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि 5

सूचना : 'नन्हा उल्लू' कहानी का यह प्रसंग पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नन्हा उल्लू आसमान के सितारों को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते दूर चला गया। अम्मा उल्लू का मन तड़पने लगा। उसने सोचा 'वह बहुत छोटा है, आज पहली बार अकेले इतना दूर गया है।' सोचते-सोचते अम्मा उल्लू का डर बढ़ने लगा।

क) नन्हा उल्लू क्यों आसमान की ओर चला गया?

ख) इस प्रसंग पर अम्मा उल्लू की डायरी लिखें।

गतिविधि 6

सूचना : 'दो भाई' कहानी का यह प्रसंग पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> बड़ा भाई अपने ढेर से गेहूँ लेकर छोटे भाई के ढेर में मिला रहा था। तब छोटा भाई खाना खाकर खलिहान लौट आया।

क) खाना खाकर खलिहान लौट आया- कौन?

ख) इस प्रसंग पर दोनों भाइयों के बीच का वार्तालाप तैयार करें।

छोटा भाई	:	भैया, आप क्या कर रहे हैं?
बड़ा भाई	:	....
छोटा भाई	:	....
बड़ा भाई	:	....
छोटा भाई	:	....